रिवीजन टेस्ट
वर्ष 2020–21
कक्षा – 12वीं
विषय–अर्थशास्त्र (कला एवं वाणिज्य संकाय)

पूर्णांक–80

निर्देशः–

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
3. आवश्यकतानुसार चित्र बनाइये।
4. प्रश्न क्रमांक 05 से 24 तक आंतरिक विकल्प दिये हैं।

प्रश्न–1 सही विकल्प चुनकर लिखिये– (अंक 1x5=5)

(1) किस अर्थव्यवस्था में कीमत तंत्र के आधार पर निर्णय लिये जाते हैं।

(a) मिश्रित (b) पूंजीवादी (c) समाजवादी (d) परम्परागत

(2) उपभोक्ता व्यवहार का अध्ययन किया जाता है।

(a) आय सिद्धांत में (b) समष्टि अर्थव्यवस्था में
(c) सूक्ष्म अर्थव्यवस्था में (d) रोजगार सिद्धांत में

(3) निम्नलिखित में से कौन पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषता नहीं है।

(a) विज्ञापन तथा विक्रय लागत (b) वस्तु की एक रूपता
(c) बाजार का पूर्ण ज्ञान (d) क्रेताओं और विक्रेताओं की अधिक संख्या

(4) बाजार में वस्तु की कीमत उस बिन्दु पर निर्धारित होती है जहां–

(a) वस्तु की मांग > वस्तु की पूर्ति (b) वस्तु की मांग = वस्तु की पूर्ति
(c) वस्तु की मांग < वस्तु की पूर्ति (d) वस्तु की मांग + वस्तु की पूर्ति

(5) $cx = 0$ का अर्थ है कि पूर्ति की लोच .... है।

(a) कम लोचदार (b) पूर्णता लोचदार
(c) पूर्णता बेलोचदार (d) इकाई लोचदार

प्रश्न–2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये– (अंक 1x5=5)

1. सभी क्रियाएं जो आय सृजित करती हैं .... क्रियाएं जोती है।
2. उपभोक्ता का संतुलन वह स्थिति है जब कुल उपयोगिता .... होती है।
3. सीमांत लागत केवल .... लागतों पर निर्भर करती है।
4. वस्तु की कीमत का निर्धारण .... एवं .... वक्रों द्वारा होता है।
5. जिस कीमत पर मांग तथा पूर्ति बराबर होते हैं उसे .... कीमत कहते हैं।

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website

प्रश्न–3 सही जोड़ी बनाईये– **(अंक 1x5=5)**

"अ"	"ब"
1. पूर्ण प्रतियोगिता	a. योग करने की क्रिया
2. बाजार	b. अवास्तविक मान्यताओं पर आय
3. व्यष्टि अर्थशास्त्र	c. सीमांत उपयोगिता का योग
4. स्मष्टि अर्थशास्त्र	d. वस्तु का क्रय विक्रय
5. कुल उपयोगिता	e. समक्रय वस्तुएं (उत्पादन)

प्रश्न–4 निम्नलिखित से सत्य असत्य लिखिये– **(अंक 1x5=5)**

1. एकाधिकार में किसी नई फर्म का प्रवेश संभव नहीं होता।
2. पूंजीवाद और समाजवाद दोनो ही मिश्रित अर्थव्यवस्था में पाये जाते है।
3. व्यष्टि अर्थशास्त्र व्यक्तिगत इकाईयों का अध्ययन है।
4. वह नियम जो दीर्घकाल में लागू होता है उसे परिवर्तनशील अनुपात का नियम कहते हैं।
5. सीमांत लागत वक्र अंग्रेजी के U अक्षर के समान होते है।

प्रश्न–5 अवसर लागत क्या है ? (अंक 2)

अथवा

आर्थिक क्रिया किसे कहते हैं ?

प्रश्न–6 व्यष्टि अर्थशास्त्र किसे कहते हैं ? (अंक 2)

अथवा

समाजवादी अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं ?

प्रश्न–7 अल्पाधिकार क्या है ? (अंक 2)

अथवा

वस्तु विभेद किस बाजार की विशेषता है ?

प्रश्न–8 संतुलन कीमत क्या है? (अंक 2)

अथवा

वस्तु की पूर्ति किसके द्वारा की जाती है ?

प्रश्न–9 सीमांत लागत क्या है ? (अंक 2)

अथवा

मोप्रीक लागत किसे कहते हैं ?

प्रश्न–10 सूक्ष्म अर्थव्यवस्था के उपयोगिता लिखिये– (अंक 2)

अथवा

सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण का एक उदाहरण लिखिये–

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website

प्रश्न–11 क्या उपयोगिता मापनीय है ? स्पष्ट कीजिए। (अंक 2)

अथवा

सीमांत उपयोगिता के शून्य होने पर कुल उपयोगिता अधिकतम क्यों होती है?

प्रश्न–12 गिफिन वस्तुओं का आय प्रभाव ऋणात्मक क्यों होता है ? (अंक 2)

अथवा

क्या मांग वक्र धनात्मक ढालवाला हो सकता है ?

प्रश्न–13 स्थिर लागत दीर्घकाल में समाप्त हो जाती है क्यों ? (अंक 2)

अथवा

परिवर्तनशील लागत के दो उदाहरण लिखिये–

प्रश्न–14 पूर्ण प्रतियोगी कार्य कीमत निर्धारक नहीं होती क्यों ? (अंक 3)

अथवा

एकाधिकारी कीमत निर्धारक होता है कैसे ?

प्रश्न–15 सामान्य कीमत एक स्थायी प्रवृत्ति को बाताती है, जबकि बाजार कीमत में परिवर्तन की प्रवृत्ति होती है। कैसे ? (अंक 3)

अथवा

मांग में कमी से कीमत कैसे प्रभावित होती है ?

प्रश्न–16 साधन कीमत निर्धारण व्यक्ति अर्थशास्त्र के क्षेत्र में **आता** है। क्यों ? (अंक 3)

अथवा

क्या व्यक्ति अर्थशास्त्र को सार्वभौमिक विश्लेषण माना जा सकता है ?

प्रश्न–17 कौन सा कारण उदासीनता वक्र को मूल बिन्दु से .... बनाता है। (3 अंक)

अथवा

रेखाचित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिए कि कुल उपयोगिता तब अधिकतम होती है जब सीमांत उपयोगिता शून्य हो

प्रश्न–18 अल्पकाल में उत्पादन का पैमाना नहीं बदला जा सकता क्यों ? (3 अंक)

अथवा

उत्पत्ति हास नियम क्यों लागू होता है ?

प्रश्न–19 क्या अर्थशास्त्र में पूर्ति तथा स्टॉक समानार्थी है उदाहरण दीजिये– (अंक 4)

अथवा

पूर्ति वक्र समय के अनुसार बदलता है क्यों ?

प्रश्न–20 जब मांग में कमी होती तो संतुलन की कीमत पर क्या प्रभाव पडेगा चित्र द्वारा समझाइये–(अंक 4)

अथवा

बाजार मूल्य तथा सामान्य मूल्य में परस्पर संबंध बताइये।

प्रश्न–21 पूर्ण प्रतियोगिता एकाधिकार से किस प्रकार भिन्न है स्पष्ट कीजिए ? (4अंक)

अथवा

मांग तथा पूर्ति कैंची के दो फलक हैं। इस कथन को मूल्य निर्धारण के संदर्भ में स्पष्ट कीजिये।

प्रश्न–22 केन्द्रीय समस्या किसके लिए उत्पादन किया जावे'' को समझाये– (5 अंक)

अथवा

''उत्पादन कैसे करें'' इस समस्या को समझाइये–

प्रश्न–23 स्थानापन्न वस्तुएं किसे कहते हैं ? दो उदाहरण द्वारा समझाइये। (5 अंक)

अथवा

काफी के मूल्य में वृद्धि किस प्रकार चाय की मांग को प्रभावित करती है? समझाइये।

प्रश्न–24 फर्म के पूर्ति वक्र के निर्धारक तत्वों का वर्णन कीजिये– (5 अंक)

अथवा

एक अनुसूची और रेखाचित्र की सहायता से पूर्ति के नियम को समझाइये।

––00––

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website